विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री, साथ में मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (प्रो० एम० जी० के० मेनन): (क) और (ख) कोठारी आयोग (शिक्षा आयोग, 1964-66) ने शैक्षिक खर्चे को वर्ष 1985-86 तक कुल राष्ट्रीय उत्पाद का 6 प्रतिशत तक परियोजनाबद्ध किया । राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1968 में यह उल्लेख किया गया है कि शिक्षा में पूंजीनिवेश में धीरे-धीरे वृद्धि करने का उद्देश्य है ताकि यह खर्चे यथासम्भव यथाशीघ्र राष्ट्रीय आय के 6 प्रतिशत तक पहुंच जाएं और राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 में भी इस बात का उल्लेख है कि जबकि वास्तविक अपेक्षाएं अनुश्रवण और समीक्षा के आधार पर समय-समय पर संगनीकृत की जाएंगी और शिक्षा पर परिव्यय सातवीं योजना में नीति के कार्यान्वयन के लिए अनिवार्य सीमा तक बढ़ जायेगा इसके साथ ही इस बात को सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि आठवीं पंचवर्षीय योजना से आगे, यह समान रूप से राष्ट्रीय आय के 6 प्रतिशत तक बढ़ जाएगा।

(ग) केन्द्र तथा राज्य सरकारों के शिक्षा विभागों के वर्ष 1987-88 और 1988-89 के लिए बजट प्रावधान राष्ट्रीय आय का क्रमशः 3.80 प्रतिशत और 3.39 प्रतिशत (शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद) है ।

अनिवार्य शिक्षा के कार्यक्रमों के लक्ष्यों पर निगरानी

877. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या प्रधान मंत्री 26 दिसम्बर, 1989 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 174 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने 14 वर्ष की आयु तक के प्रत्येक बालक को अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु प्रगति के कुछ वार्षिक लक्ष्यों को निर्धारित किया है; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री, साथ में मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (प्रो० एम० जी० के० मेनन) : (क) और (ख) वर्ष के दौरान किए गए आबंटनों और विगत के निष्पादन के आधार पर प्रत्येक राज्य/संघ शासित प्रदेश के लिए सरकार अतिरिक्त दाखिले के वार्षिक लक्ष्य निर्धारित करती है । सातवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के लिए प्रारंभिक शिक्षा के अंतर्गत अतिरिक्त दाखिले तथा उपलब्धि के ब्यौरे निम्नलिखित हैं :

(लाखों में)

वर्ष 1985-90 के लिए अतिरिक्त दाखिला और उपलब्धियों के लक्ष्य

कक्षा I से III

वर्ष	लक्ष्य	उपलब्धि
1985-86	51.31	53.07
1986-87	56.61	53.50
1987-88	53.29	38.78
1988-89	56.90	53.35 (सम्भावी)
1989-90	60.22	अभी उपलब्ध नहीं है।